Title: Demand to set up an Army Contonment in hills of Rohtas, Bhojpur and Kamur district of Bihar to eradicate criminals and naxalites.

श्री राम प्रसाद सिंह (आरा): उपाध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से आज सदन में एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण वि्ाय पर चर्चा कर रहा हूं। बिहार के रोहतास, भोजपुर और कैमूर जिले उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा से घिरे हुये हैं। इनके दक्षिण में सोन नदी बहती है। ये पहाड़ी इलाके हैं। आजकल एम.सी.सी. और अन्य असामाजिक तत्व कहीं भी अपराध करके इन पहाड़ियों में अपना अड्डा बना लेते हैं। मैं जब पिछली बार इस सदन का सदस्य बना था तो उस समय भी इस वि्ाय की ओर सरकार का ध्यान खींचा था कि इन पहाड़ियों को आपराधिक तत्वों से मुक्त बनाने के लिये वहां एक सैनिक छावनी बनायी जाये। कैमूर जिला उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा से लगता है। यदि सरकार वहां सैनिक छावनी बना

देती है । यह एम सी सी उग्रवादी संगठनों और असमाजिक तत्वों का शरण स्थान बनाने से मुक्त हो जाएगा। अपराध रूक जायेंगें। अत: मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि शीघ्र इन पहाड़ियों पर सैनिक छावनियां बनाने का क्ट किया जाए।